खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र हेतु विदेशी प्रस्ताव

1201. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु आज की तिथि के अनुसार किन-किन देशों ने अपने प्रस्ताव प्रेषित किए हैं;

(ख) उनके प्रस्तावों पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ग) इन उद्योगों को किन-किन स्थानों पर स्थापित किए जाने की संभावना है और ऐसे उद्योगों को विदेशी निवेश की कुल कितनी धनराशि प्रदान की जाएगी?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दिलीप कुमार राय): (क) से (ग) मंत्रालय को विभिन्न देशों/अनिवासी भारतीयों/ओ.सी.बी. की विभिन्न कंपनियों से प्रस्ताव प्राप्त हुए है और उन्हें अनुमोदित किया गया है। उनका ब्यौरा विवरण-1 पर दिया गया है (**नीचे देखिये**) 1 मार्च, 96 तक अनुमोदित इन प्रस्तावों में कुल 3416 करोड़ रु० का विदेशी निवेश विभिन्न राज्यों में खद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना हेतु है। उनका ब्यौरा विवरण-2 पर दिया गया है (**नीचे देखिये**)।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने केरल राज्य में बागवानी विकास को मजबूत करने हेतु यूरोपीय आर्थिक समुदाय से सहायता प्राप्त करने ओर आइ.सी.आई.सी.आई. के माध्यम से कृषि व कृषि प्रसंस्करण हेतु वित्त उपलब्ध कराने के लिए अमरिकी सहायता परियोजनाओं के संबंध में भी बातचीत की है।

विवरण-1

अनुमोदित किए जा चुके प्रस्तावों के सिलसिले में उन देशों के नाम दर्शने वाला ब्यौरा जहां से विदशी निवेश आने की संभावना है।

1. अस्ट्रेलिया
2. आस्ट्रिया
3. वहामास
4. बहरीन
5. बेल्जियम
6. कनाडा
7. चीन
8. डेनमार्क
9. इसटोनिया
10. फिनलैंड
11. फ्रांस
12. जर्मनी
13. हांगकांग
14. आयरलैंड
15. इजराइल
16. इटली
17. जापान
18. कोरिया
19. मलेशिया
20. मारिशस
21. मैक्सिको
22. नीदरलैंड
23. नाइजीरिया
24. पुर्तगाल
25. सिंगापुर
26. स्पेन
27. स्वीट्जरलैंड
28. ताइवान
29. थाईलैंड
30. संयुक्त अरब अमीरात
31. ब्रिटेन
32. संयुक्त राज्य अमेरिका
33. यूकरेन

विवरण-2

खाद्य प्रसंस्करण के विभिन्न क्षेत्रों में मार्च, 96 तक मंजूर किए गए विदेशी पूंजीनिवेश के राज्यवार ब्यौरे

क्रम संख्या	राज्य का नाम	कुल अनुमोदित विदेशी इक्विटी (करोड़ रू० में)
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	183
2.	असम	1
3.	बिहार	1
4.	गुजरात	99
5.	हरियाणा	80
6.	हिमाचल प्रदेश	92
7.	जम्मू एवं कश्मीर	-
8.	कर्नाटक	46
9.	केरल	27
10.	मध्य प्रदेश	26
11.	महाराष्ट्र	498
12.	मणिपुर	-
13.	मेघालय	-
14.	नागालैंड	-

1	2	3
15.	उडीसा	1
16.	पंजाब	228
17.	राजस्थान	23
18.	तमिलनाडु	452
19.	त्रिपुरा	1
20.	उत्तर प्रदेश	361
21.	पश्चिम बंगाल	23
22.	सिक्किम	–
23.	अंडमान निकोबार	1
24.	अरूणाचल प्रदेश	–
25.	चंडीगढ़	1
26.	दादर एवं नागर हवेली	–
27.	दिल्ली	–
28.	दमण और दीव	–
29.	एल.एम.एड ए. आइलैंड	–
30.	मिजोरम	–
31.	पांडिचेरी	–
32.	गोवा	27
33.	स्थान का उल्लेख नहीं/एक से अधिक जगह पर स्थापित यूनिटें	1245
	कुल	3416

दस्तकारों को आधुनिक औजार प्रदान किया जाना

1202. **श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण:** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा देश में, विशेष रूप से पंजाब राज्य में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े अल्पसंख्यक समुदायों के दस्तकारों को प्रदान किए गए आधुनिक औजारों के संबंध में ब्यौरा क्या है, और

(ख) वर्ष 1996-97 के लिए इस प्रयोजनार्थ राज्य-वार और जिला-वार क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस पर कुल कितनी धनराशि व्यय किए जाने की संभावना है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चन्द्र देव प्रसाद वर्मा): (क) यह मंत्रालय गरीबी की रेखा से नीचे बसर कर रहे ग्रामीण कारीगरों को उन्नत किस्म की औजार किटों की सप्लाई की योजना कार्यान्वित कर रहा है। इसके अन्तर्गत लौहार, बढ़ई, पत्थर तराशने वाले, चमड़े का काम करने वाले तथा कुम्हार आदि जैसे दस्तकारों को आधुनिक औजार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के अन्तर्गत देश में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े अल्प संख्यक समुदायों से संबंधित दस्तकारों को भी कवर किया जाता है बशर्ते कि वे गरीबी की रेखा से नीचे के परिवार से संबंधित हों। तथापि, यह मंत्रालय विशेष रूप से इन वर्गों से संबंधित लाभार्थियों की संख्या की निगरानी नहीं करता है। गत तीन वर्षों के भारत सरकार द्वारा पंजाब राज्य में दस्तकारों को उपलब्ध कराए गए आधुनिक औजार निम्नानुसार हैं:

वर्ष	दस्तकारों को उपलब्ध कराए गए आधुनिक औजारों की संख्या
1993-94	3900
1994-95	5000
1995-96	3508

(ख) योजना के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 40 करोड़ रुपए का परिव्यय है। लक्ष्यों और परिव्ययों का अनंतिम राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण में देखा जा सकता है। जिलावार आबंटन राज्यों द्वारा किया जाएगा।

विवरण

लक्ष्यों और परिव्ययों का अनंतिम राज्य वार ब्यौरा-औजार किट योजना

क्रमांक	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	आबंटन (रुपए लाख में)	लक्ष्य
1	2	3	4
1.	आन्ध्र प्रदेश	313.14	17400
2.	अरूणाचल प्रदेश	43.20	2400
3.	असम	94.68	5260
4.	बिहार	564.12	31340
5.	गोवा	7.20	400
6.	गुजरात	98.00	5500
7.	हरियाणा	61.29	3200
8.	हिमाचल प्रदेश	43.20	2400
9.	जम्मू व कश्मीर	50.40	2800
10.	कर्नाटक	193.14	10730
11.	केरल	70.20	3900
12.	मध्य प्रदेश	364.50	20250
13.	महाराष्ट्र	313.56	17420
14.	मणिपुर	18.00	1000
15.	मेघालय	25.20	1400